### प्रदूषण बढ़ रहा धार टूट रही, जल गंगा अभियान भी उपेक्षित

## ऑक्सीजन घटने से दम तोड़ रही नगर की मुडन्ना नदी

शहडोल

जिले में इस वर्ष भी प्राकृतिक जल स्त्रोंतो की सुरक्षा के लिए 30 मार्च से जल गंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन कर भू गर्भीय जल स्तर को संतुलित रखना और पानी की उपलब्धता को बढ़ाना है। प्रशासन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम को अमली जामा पहनाने के लिए सरकारी अमले के साथ जनता का सहयोग भी लिया जा रहा है। जनभागीदारी के साथ नदी, तालाबों की सफाई का लक्ष्य रखा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि हर साल यह अभियान चलाया जाता है, लेकिन नगर की एक मात्र मुडन्ना नदी की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। मुख्यालय के समीप ही नदी अत्यंत प्रदूषित होकर दम तोड़ रही है। नदी की आक्सीजन में लगातार गिरावट आ रही है। लगभग दो दशक पूर्व नगरपालिका ने मुडन्ना नदी सुधार के लिए एक योजना तैयार की थी लेकिन जल्द ही वह भी ठंडे बस्ते में चली गई। नदी की धार टूटती जा रही है लेकिन इसे बचाने के लिए प्रशासन व समाज सेवी संस्थाओं द्वारा कोई योजना नहीं बनाई जा रही है। शासन का जल संरक्षण अभियान केवल एक दो तालाबों की आंशिक साफ सफाई करने के बाद समाप्त हो जाता है और हालात जस के तस बने रहते हैं। ठोस क्रियान्वयन तो तभी माना जाएगा जब मुडन्ना का जीवन बचाया जाएगा।



### गंदगी बहा रहे नागरिक

शहर की एक मात्र नदी में नागरिक अपने घरों की नालियों व शौचालय का पानी बहाकर दूषित कर रहे हैं। पुरानी बस्ती व पाण्डवनगर के कुछ हिस्सों में तो दर्जनों नालियां नदी में आकर मिल रहीं हैं। जिससे नदी का पानी इतना दूषित हो चुका है कि यह काले रंग का दिखाई पडन्ने लगा है और नदी के आसपास से सड़ांध उठने लगी है। जबकि शासन ने ही नदी, नालों जैसे जल स्त्रोंतां में गंदगी बहाना व प्रदूषण फैलाना न केवल प्रतिबंधित किया है बल्कि दण्डनीय अपराध भी घोषित किया है। इसके बावजूद अपने निजी स्वार्थो के चलते लोग नदी का उपयोग नालियां बहाने के लिए कर रहे हैं। इस मामले में चूंकि प्रशासन भी उदासीन है, इसलिए लोग न तो प्रावधानों को जानते हैं और न उन्हे नियम कायदों की परवाह है, वे नदी के जीवन के महत्व को भी नहीं समझते हैं।

### कंपनी छोड़ रही काला पानी

विचारपुर कोयला उत्पादन करने वाली अल्टाट्रैक कंपनी सिंदुरी ग्राम के समीप मुडन्ना नदी में कोयले का काला पानी बहा कर नदी के पानी को विषाक्त बना रही है। इससे न केवल प्रदूषण बढ़ रहा है बल्कि नदी का पानी नहाने, धोने लायक भी नहीं रह गया है। यहां पर नदी का पानी जानवरों के लिए भी घातक बन चुका है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत कर नदी को सुरक्षित करने की मांग की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। आज भी वही स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ वर्षों पूर्व तक इसी नदी का पानी लोग पेयजल के रूप में भी करते थे लेकिन आज हालत यह है कि इसमें नहाना धोना भी नहीं कर सकते।

### प्रदूषण की प्रयोगशाला में पुष्टि

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने कई वर्षों पूर्व मुडन्ना की दशा को लेकर एक सर्वेक्षण किया था, जिसमें उन्होने नदी के जल का प्रयोगशाला परीक्षण किया था। जिसमें नदी के पानी के प्रदूषित होने की पुष्टि हुई थी। विभाग के वैज्ञानिक ने परीक्षण के उपरांत बताया था कि नदी के पानी में आक्सीजन की बहुत कमी पायी गई है। इसी कारण नदी की मछलियां भी मरतीं हैं। इसका कारण यह है कि नदी के पानी में वैक्टीरिया भरे पड़े हैं जो कि पानी में घुलित आक्सीजन को अवशोषित कर लेते हैं। वैक्टीरिया गंदगी और मलबों में ही पनपते हैं। इससे इस बात का प्रमाण मिलता है कि पानी में प्रदूषण है। इस पर तत्काल सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए और नालियों को बंद कराया जाना चाहिए। विभाग ने प्रशासन को एक इसी आशय की रिपोर्ट भी प्रेषित की थी। इस पर शुरू में तो कुछ चर्चा चली लेकिन बाद में सब ठण्डे बस्ते में चला गया।

### जल शोधन संयंत्र लगाने की थी योजना

नगरपालिका ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट और अनुशंसा पर मुडन्ना नदी के कुछ स्थलों का अवलोकन कर सर्वे के पश्चात यहां शहरी नालियों की निकासी अन्यत्र करने और नदी के किनारे जल शोधन संयंत्र लगाकर पानी साफ करने की योजना तैयार की थी। योजना के अनुसार नदी के मलबे को खाद के रूप में प्रयोग किया जाएगा और पानी को खेतों की ओर ले जाया जाएगा, जिससे आसपास के गांवों का कृषि विकास हो सकेगा। इस योजना का प्रारूप तैयार कर इसे स्वीकृति के लिए भोपाल भेजा गया था। इसके बाद नगरपालिका ने इस योजना पर ध्यान देना बंद कर दिया। हुआ यह था कि संबंधित नगरपालिका परिषद का कार्यकाल समाप्त हो गया था और जो नई परिषद आई उसने कोई रुचि नहीं ली। इसलिए योजना खटाई में पड़ गई।

## श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन

धनपुरी।

नगर के अंदर मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा 9 मई को श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। मां ज्वालामुखी मंदिर के पास ही श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर मौजूद है जहां पर श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति परिवर्तन महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 9 मई को यह धार्मिक कार्यक्रम की तिथि रखी गई है और इसके साथ ही इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी गई है। मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा इस पूरे धार्मिक आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई मंगलवार को मंडप प्रवेश देवताओं का आवाहन एवं पूजन कार्यक्रम शुरू होगा 7 मई को पूजन जलाधिवास अन्नाधिवास फलाधिवास कार्यक्रम शुरू होगा इसके साथ ही 8 मई को उपनयन संस्कार एवं शाम 5 बजे श्री लक्ष्मी नारायण प्रभु जी का नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित होगा इसके बाद 9 तारीख को लक्ष्मी नारायण प्रभु जी का भाव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम महोत्सव आयोजित किया जाएगा जिसे लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है वहीं 10 तारीख को पूजन हवन एवं प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा।



### 5 दिनों तक यह धार्मिक आयोजन चलेगा

मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि उपनयन संस्कार में सम्मिलित अतिथियों के ठहरने एवं भोजन प्रसाद की निशुल्क व्यवस्था भी समिति के द्वारा की जाएगी धनपुरी नगर के अंदर जिस तरह से इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारी की जा रही है उसे लेकर भक्तों के अंदर भी उत्साह देखा जा रहा है समिति लगातार इस आयोजन को लेकर तैयारी में लगी हुई है 5 दिनों तक यह धार्मिक आयोजन चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे इस बात को कहा जा रहा है। ज्ञात होगी मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमें लाखों लोग सम्मिलित हुए थे और इस आयोजन की पूरे जिले भर में सराहना की गई थी अब मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा इस धार्मिक आयोजन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसे लेकर समिति के सभी सदस्य तैयारी कर रहे हैं।

### एनडीए में चयनित अभिनव पाण्डेय बने युवाओं की प्रेरणा




**शहडोल।** दिशा सेल्फ लर्निंग लाइब्रेरी, पुलिस लाइन शहडोल में सोमवार को शाहडोल पुलिस के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान करना था। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रहे सउनि. रामराज पाण्डेय के पुत्र अभिनव पाण्डेय, जिन्होंने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। अभिनव की इस उपलब्धि ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि समस्त पुलिस परिवार और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, हर सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और स्वयं का परिश्रम ही मुख्य आधार होता है। अभिनव की सफलता उनके परिजनों की प्रतिबद्धता और प्रेरणा का प्रतिफल है। उप पुलिस अधीक्षक मुकेश दीक्षित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, दिशा सही हो और संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी सफलता दूर नहीं होती। अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच से ही मंजिल पाई जा सकती है।

## शहडोल में फिर हुआ बस हादसाः आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल

शहडोल।

गोहपारू थाना क्षेत्र में एक बार फिर बस दुर्घटना घटी है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। ये घटना ग्राम असवारी तिराहे के पास हुई है, दुर्ग जिले से प्रयागराज जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में घायल यात्रियों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया की यह हादसा उस स्थान पर हुआ है, जहां दो दिन पहले ही तेज रफ्तार बस और ट्रक की भिड़ंत हुई थी, जिसमें ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह लगातार हो रहे हादसों ने स्थानीय निवासियों में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि बस का ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना घटी। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस पलटते ही वहां चीख-पुकार मच गई थी।हमने तुरंत मदद की और घायलों को बस से बाहर निकाला,एक राहगीर ने कहा। यहां पर लगातार हादसे होते रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मनीष सर्विस कंपनी की यह बस शहडोल से रीवा की ओर बढ़ते हुए अचानक हादसे का शिकार हो गई। थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और घायलों उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एक की हालत गंभीर है जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस स्थान पर आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन परिवहन विभाग की ओर से गति नियंत्रण के लिए कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है। हमें डर है कि अगर ऐसे ही स्थिति चलती रही, तो और भी हादसे होंगे।



इस दुर्घटना ने एक बार फिर यातायात सुरक्षा के मुद्दे को सामने लाया है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस स्थान पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाए और यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हर किसी की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि ऐसे दर्दनाक हादसों से बचा जा सके। स्थानीय निवासियों की बातों को गंभीरता से लेना आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।




### मां नर्मदा की उद्गम स्थली की महाआरती

## हजारों श्रद्धालुओं के साथ अमरकंटक में पधारे माधवनगर कटनी से हरे माधव पंथ के उन्नायक पूरण सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी

**शहडोल।** पवित्र नगरी अमरकंटक में 11 अप्रैल की रात्रि लगभग 08:30 भव्य शोभायात्रा के साथ रामघाट स्थित मृत्यंजय आश्रम पधारे, जहां स्वागत में आश्रम के निवासियों सहित भगतों ने आरत वंदन, मंत्रोच्चार श्रीदर्शन कर दिव्य आत्मिक लाभ प्राप्त किया। अगले दिन 12 अप्रैल 2025 को मध्यप्रदेश सहित आसपास के छत्तीसगढ, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र से हजारों की तादाद में संगतों के विशाल समूह पहुंचने लगे। कई दिनों पूर्व से हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति के सेवादार कर रहे थें हरे माधव सत्संग की तैयारियां।



### दिव्य लीलाएं श्रवण करने का सौभाग्य

अगले दिन 12 अप्रैल 2025 को सायं 7 बजे से मां नर्मदा के तट रामघाट पर हरे माधव वाणी अरदास के साथ हरे माधव सत्संग आयोजित हुआ। जिसमें भगतिमय श्रीवचन श्रवण कर, श्रीदर्शन कर संगतों ने जीवन का असल सार सार एवं घट में दिव्य प्रकाश पाने की सांची युक्ति पाई। एल.ई.डी स्क्रीन सतगुरु महाराज बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की दिव्य लीलाएं श्रवण करने का भी संगतों ने सौभाग्य पाया। सत्संग पश्चात सत्संग प्रांगग में हरे माधव ब्रम्ह भोज से सभी ने मुख पवित्र किया। 13 अप्रैल 2025 को सुबह से ही और भी अधिक मात्रा श्रद्धालुओं का हरे माधव सत्संग के लिए अमरकंटक आना हुआ। शाम को आंधी तूफान बारिश के बाद जहां सभी में चिंतित भाव बन रहे, सत्संग की व्यवस्थाएं थोडी बिगडी पर हरे माधव सतगुरु महाराज जी किरपा आशीष से एक-डेढ घंटे बाद वह आंधी तूफान, तेज बारिश थम गई और आकाश पूरा साफ हो गया। सेवादार जन पुनः सत्संग तैयारी में जुटे और देखते ही देखते रात्रि लगभग 08:00 बजे हरे माधव सत्संग प्रारंभ हुआ, कुछ ही देर बाद सतगुरु साहिबान जी का आगमन हुआ, हरे माधव रूहानी बालसंस्कार के बच्चों द्वारा श्रीचरण वंदना की गई। जिसके पश्चात संगतों ने हुजूर महाराज जी की आरत वंदन कर पुण्य फलों को प्राप्त किया। आप गुरु महाराज जी ने अपने श्रीमुख से पावन अमृत वचनों में अमरकंटक की धरा पर हरे माधव सतगुरुओं की हुई कई लीलाओं को प्रकाशमय किया कि आदिकाल से जंगम तीर्थ पूरण साधुजन, स्थावर तीर्थ पर आकर अनेक लीलाएं रचते हैं, जिसका गहन प्रताप है।



### मां नर्मदा जी की महाआरती

सत्संग पश्चात संगतों के भारी हुजूम के साथ सतगुरु महाराज जी रामघाट दक्षिण तट पर पधारे, जहां पर मां नर्मदा जी की महाआरती की गई। आपजी के परम वचन कि यह सारी पावन नदियां हरे माधव प्रभु की परम धरोहर हैं, जिसके द्वारा समस्त जनमानस एवं जीव जंतुओं के पालन पोषण के साथ लोगों के कर्म संताप भी हल्के होते हैं। इन्हें संरक्षित करना, इनका वंदन कर हम सभी का पर कत्तव्य है। आरत वंदन में अमरकंटक के कई गणमान्य नागरिकों के साथ हजारों की संगतें, भगतजन उपस्थित रहे।

## शहडोल में डीएसपी के घर चोरी, साहब ने नौकर से दर्ज करवाई एफआईआर

### कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना

शहडोल

जिले में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। पुलिस अधिकारी के घर हुई चोरी ने कोतवाली पुलिस पर अब सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। उप पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह रीवा गए हुए थे, तभी उनके सरकारी आवास में चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है।घटना की शिकायत उनके नौकर ने कोतवाली में दर्ज करवाइए है। जिसमे लैपटॉप और एक घड़ी अलमारी से चोरों ने पार कर दिया है। जब उप पुलिस अधीक्षक रीवा से अपने सरकारी आवास वापस लौटे तो देखा तो उनके घर चोरी की वारदात हो गई थी।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि योगेंद्र सिंह विशेष शाखा शहडोल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार योगेंद्र सिंह रीवा गए हुए थे,जब वापस लौटे तो उनके घर में रखी अलमारी से लैपटॉप एवं एक घड़ी गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी लैपटॉप एवं घड़ी उन्हें नहीं मिली। सरकारी आवास की खिड़की टूटी हुई दिखाई दी,जिससे उन्हें इसका एहसास हो गया कि उनके घर में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। यह चोरी की घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के जेल बिल्डिंग के पीछे सरकारी आवास से हुई है।

पुलिस अधिकारी ने अपने नौकर से इस मामले पर कोतवाली में एफ आई आर भी दर्ज करवाई है। कन्हैया लाल सोंधिया ने कोतवाली थाने में चोरी की घटना पर शिकायत दर्ज करवाई है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे होंगे और इस चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है,जब डीएसपी वापस लौटे और उन्हें लैपटॉप और घड़ी की आवश्यकता पड़ी तो वह गायब मिले, जिससे यह चोरी की बात सामने आई और इस मामले पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।वही लोगों का कहना है कि आम लोगों के घर तो चोरी आम बात हो गई,लेकिन पुलिस अधिकारी के घर हुई चोरी ने अब लोगों को और डरा दिया है। जब पुलिस अधिकारी के घर चोरी हो सकती है तो आम लोगों के घर को चोरी होना आम बात है।



## खबर संक्षेप

### अचानक आग लगने से ई रिक्शा जलकर खाक



**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालरी में रहने वाले अनिल यादव 40 वर्ष की ई रिक्शा ऑटो में रविवार की सुबह अचानक आग लगने से ऑटो पूरी तरह से जल गया। आग की सूचना पर अनिल यादव द्वारा अपने गैराज पहुंच कर आसपास के लोगों को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग की तेज लपट एवं गर्मी के कारण जल्दी ही ऑटो को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से गाड़ी के कीमती मशीन व पाट्र्स जलकर नष्ट हो गए। लगभग 1 लाख से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। घटना की सूचना थाने में दी गई है पुलिस के द्वारा आग़ लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### दो सायबर ठग 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में पहुंचे जेल

**कोतमा।** नगर के व्यापारी रूपेश जैन उर्फ अंशू वार्ड क्रमांक 2 से बिहार के शातिर साइबर ठगो के द्वारा कोल्ड ड्रिंक एजेंसी दिलाने का झांसा देते हुए कोड जेनरेट एवं सिक्योरिटी मनी के नाम से 82 हजार 10 रुपए खाता के माध्यम से ठगी करने व माल भेजने के एवज में 5 लाख रुपए और मांगे जाने के मामले में कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा बिहार से लाए गए आरोपी सूरज कुमार पिता सुरेंद्र कुमार यादव 19 वर्ष एवं रवि रंजन यादव पिता वीरेंद्र यादव 21 वर्ष दोनों आरोपियों को मेडिकल कराने के बाद रविवार को कोतमा न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों के अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय द्वारा 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। विदित रहे कि मामले में अभी एक आरोपी चंदन कुमार यादव फरार चल रहा है जिसकी तलाश भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# ग्राम पंचायत मामन के नेउसा ग्राम और ग्राम पंचायत चौरी में बोरी बन्धान किया गया

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ ही उमरिया जिले में भी अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से बोरी बंधान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। बोरी बंधान जल संवर्धन के लिए एक अच्छा प्रयास है।अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम में बोरी बंधान हो जाने पर वाटर लेबल बढ़ेगा इसके साथ ही पेयजल संकट से भी मुक्ति मिलेगी।पानी को सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। पेयजल का उपयोग पशु , पक्षी के साथ ही ग्रामीण जन निस्तार में उपयोग कर सकेगे। जल की एक -एक बूंद को सहेजने ग्राम पंचायतों में अपनी मिट्टी अपना जल आयोजित किया जा रहा है । ब्लॉक में हर ग्राम पंचायत हर वार्ड स्तर पर स्थलों का चयन कर बोरी बंधान के लिए चिन्हित किये गये है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उमरिया के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में एवं ब्लाक समन्वयक पुष्पा टेकाम के निर्देशन में सभी के सहयोग से अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने नेउसा नदी में 62 बोरियो का बोरी बंधान और अमिरती नदी में 430 बोरियो का बोरी बंधान कार्य किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह, सीईओ जनपद पंचायत पाली कन्हई कुंवर, ग्राम पंचायत चौरी सरपंच द्वारिका प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह नवांकुर प्रतिनिधी पुष्पेंद्र सिंह,पंचायत समन्वयक अंजनी चिनपुरिया एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन के समरजीत सिंह, सचिव चमन सिंह शैलेन्द्र तिवारी, रामप्रसाद पनिका, परामर्शदाता अर्चना मिश्रा सी एम सी एल डी पी छात्र शिवकुमार सिंह, तेजराज सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# उमरिया पुलिस ने की अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही



**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने हेतु लगातार समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है । इसी कड़ी में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जिसमें कुल 66.81 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब कीमती 33,600रूपये जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, गौरतलब है कि उमरिया पुलिस द्वारा करीब 3 दिन पूर्व भी थाना चंदिया अंतर्गत अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आरोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कुल 114.5 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जप्त की थी ।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कोयलारी तिराहा के पास यात्री प्रतिक्षालय में कुछ कार्टून बाक्स के साथ है जिसमें संभवतः शराब रखी हुई है। उक्त व्यक्ति शराब को किसी अज्ञात को बेचने के फिराक में है यदि जल्द कार्यवाही की गई है तो संदेही को अवैध शराब के साथ पकड़ा जा सकता है । उमरिया पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित विधिसंगत कार्यवाही करते हुये मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी कर घटनास्थल पर अनिल कुमार बर्मन को पकड़ा गया जिसके पास से 8 नग कार्टन बरामद हुये । सभी कार्टून की विधि अनुसार तलाशी ली गई जिसमें देशी व अंग्रेजी शराब होना पाया गया उक्त शराब के संबंध में अनिल कुमार बर्मन से दस्तावेज चाहे गये जिसके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर संपूर्ण अवैध शराब जिसमें 94 पाव (16.92 ली.) देशी शराब, 123 पाव 10 हाफ (25.89 ली.) अंग्रेजी शराब एवं 48 केन वीयर (24 लीटर) इस प्रकार कुल 66.81 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब कुल कीमती 33,600 रूपये जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है । गिरफ्तार आरोपी का नाम अनिल कुमार बर्मन पिता सुखलाल बर्मन उम्र 27 साल निवासी शारदा कालोनी उमरिया है। कार्यवाही में 2 कार्टून बाक्श देशी मदिरा (94 पाव या 16.92 ली.), 4 कार्टून बाक्श अंग्रेजी शराब (123 पाव 10 हाफ या 25.89 ली.) 2 कार्टून बाक्श वीयर केन (48 केन वीयर या 24 ली.) इस प्रकार 94 पाव या 16.92 ली. देशी शराब, 123 पाव 10 हाफ या 25.89 ली. अंग्रेजी शराब, 48 केन या 24 ली. वीयर कुल कुल 66.81 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जप्त की गई है।संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली उनि बालेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक दिलीप गुप्ता, सतेन्द्र गर्ग, प्रधान आरक्षक प्रकाश पटेल, अनंत श्रीवास, आरक्षक सुनील सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

# जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन



**उमरिया।** मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा के प्रावधानों के अनुसार 14 अप्रैल 2025 को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभा का आयोजन 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओ में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किये जाने हेतु जागरूकता , बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और ऑगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ लेने वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) मे प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेशन कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेशन का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से आवास स्वीकृति पर चर्चा, आवासहीन महिला मुखिया वाले परिवार के लिये आवास प्लस सर्वे 2024 की जानकारी पर चर्चा, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा करना जैसे कूड़ा प्रबंधन, जल संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देने, कन्या अभिभावक पेंशन योजना पर चर्चा, . वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत गठित ग्राम वन अधिकार समिति से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक संकल्प पारित करना, पेसा क्षेत्र की ग्राम सभाओं में पेसा नियमों के क्रियान्वयन पर चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम सभाओ के लिये नोडल अधिकारियों की डियुटी लगाई गई थी।



### सिविल सर्जन ने अस्पताल के किचन का किया निरीक्षण, चखा भोजन का स्वाद

**उमरिया।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर के सी सोनी ने अस्पताल स्थित किचन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन को खाकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किचन में साफ सफाई बनाये रखे, एवं निर्धारित मीनू के आधार पर ही मरीजो को भोजन उपलब्ध कराए। हर मरीज को शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो, ताकि मरीजो का स्वास्थ्य ठीक रहे।

# शासकीय उचित के दुकानों के विक्रेताओं की हितग्राहियों को ई- केवाईसी कराने की अपील




**राशन हितग्राहियों को 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराना अनिवार्य**

**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र केअंतर्गत नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) डूमरकछार, डोला तथा ग्रामीण क्षेत्रो के जो भी शासकीय उचित मूल्य की दुकानो पर मध्यप्रदेश शासन के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर पर 9 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रदेश में ई-केवायसी कराने का विशेष अभियान चल रहा है। जिसमें हितग्राहियों को राशन मिलना होगा आसान होगा। रामनगर थाना क्षेत्र के सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा अपने- अपने उचित मूल्य की दुकानों पर तथा जो वृद्ध महिला-पुरुष तथा विकलांग है। उन लोगो के घर विक्रेता स्वयं जा रहे हैं। उनका वहां पर ई केवाईसी कर रहे हैं। साथ ही विक्रेताओं ने पात्र राशन कार्ड हितग्राहीयो से ई- केवाईसी का कार्य नजदीकी शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आकर परिवार के सभी सदस्यों का करा लेने कि अपील कि है। जिसमें शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 1 बनगवां (राजनगर) में विक्रेता- रमेश प्रसाद यादव द्वारा, शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक- 2 राजनगर में जगत प्रसाद केवट, नगर परिषद डूमरकछार (पौराधार) के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता- लवकेश पांडे, नगर परिषद डोला क्षेत्र के शासकीय उच्चतर की दुकान के विक्रेता जयदीप यादव तथा ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम फुलकोना में विक्रेता रमेश प्रसाद शर्मा तथा ग्राम ऊरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता अखिलेश द्विवेदी द्वारा, तथा ग्राम पंचायत टांकी में शासकीय उचित मूल्य के दुकान टांकी के विक्रेता- जगत केवट, ग्राम पंचायत मलगा के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता राजेश चौधरी, ग्राम पंचायत चुकान के शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता रमेश यादव, द्वारा अपने- अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत, अधिक से अधिक ई- केवाईसी कराने हेतु अपील कि गयी है। जिससे सभी नगरवासी ग्रामवासी अपने-अपने राशन कार्ड को लिंक करावे तथा अपने- अपने शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पहुंचकर ई - केवाईसी कराकर शासन के योजनाओं का लाभ लेवे। अप्रैल माह का खाद्यान्न समस्त दुकानों पर उपलब्ध है। सभी हितग्राही अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचकर अपना खाद्यान्न प्राप्त करें।

# जैतहरी पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन पर की छापामार कार्यवाही

**जैतहरी।** 14 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 65 ए ए 5028 मय ट्राली का चालक सचिन राठौर निवासी सिवनी का तिपान नदी कछरा घाट सिवनी मे नदी के अन्दर लगाकर म.प्र.शासन का रेता चोरी से लोड कर रहा है सूचना पर सूचना की तस्दीक एंव कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये उपरोक्त स्थान तिपान नदी कछरा घाट पहुंचकर कर रेड कार्यवाही की गई तो नदी मे लगा ट्रेक्टर ट्राली मे चालक सचिन राठौर निवासी सिवनी का था जिसे दूर से ही शासकीय वाहन के लाइट से पहचान लिया वह पुलिस की गाडी दूर से आते देखकर ट्रेक्टर का चालक सचिन राठौर ट्राली से ट्रेक्टर को अलग कर जंगल के रास्ते भाग दिया तब उसका पीछा किया गया लेकिन वह जंगल एवं अंधेरा का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा जंगली जानवरो के विचरण से पीछा करना ज्यादा संभव नही हो सका फिर नदी मे खडी ट्राली जिसमे आगे पीछे नम्बर लेख नही था ट्राली मे 03 घन मीटर खनिज रेता लोड था चेचिस नम्बर PAI3156G2022-23 लेख है उक्त ट्राली को 01.30 बजे गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा भागे हुये ट्रेक्टर के आगे पीछे नम्बर एमपी 65 ए ए 5028 लेख था तब आर. मनीष तोमर को भेजकर एक अन्य बिना नम्बर का स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर मंगवाकर उक्त जप्त ट्राली को ट्रेक्टर मे जोडकर सुरक्षित थाना लाया गया ट्रेक्टर ट्राली के मालिक सचिन राठौर पिता सीताराम राठौर निवासी सिवनी का कृत्य अपराध धारा 303(2) बीएनएस 4/21 खान एव खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

# पटरी से पूरी तरह उतरी नगर की यातायात व्यवस्था



### पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बावजूद कार्यवाही सिफर

**कोतमा।** नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है । प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति बन जाती है । आलम यह है कि ना तो पुलिस प्रशासन और ना ही जिला यातायात पुलिस ध्यान दे रही है । जिसके कारण आम नागरिकों को जाम से दो चार होना पड़ रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास किराए के कमरों में थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान संचालित की जा रही है। उन दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7 से ही सड़क के दोनों ओर बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति बन जाती है यह हाल कोई एक दिन का नहीं है प्रतिदिन का हाल यही है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय अस्पताल छात्रावास कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है। लेकिन बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किराए का कमरा लेकर दुकान संचालित की जा रही है।

### दिखावा साबित हुई कार्यवाही

विगत महीने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला यातायात एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा नगर की सड़कों पर घूम कर अव्यवस्थित यातायात को लेकर अनाउंसमेंट करते हुए वाहनों को सड़क में ना खड़ा करने की अपील की और उसके बाद कार्यवाही करना भूल गए । लेकिन दुकानदारों का हाल लिया है कि सड़क के दोनों और सब्जी के बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं और बीच सड़क पर ही छोटे वाहन खड़े होने से प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला यातायात पुलिस के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में वाहनों की चेकिंग करते जरूर देखा जा सकता है जबकि जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का भ्रमण करते हुए बादल यातायात व्यवस्था को सुधार करने के निर्देश देते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आम नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कर कराए जाने की मांग की है।

# रामनगर पुलिस ने 5 नग मवेशी किये बरामद, 2 आरोपियों पर मामला दर्ज

**रामनगर।** मुखबिर की सूचना प्राप्त पिकअप वाहन में कुछ लोग मवेशियो को गुल्लू टोला के पास एक पिक अप में भरकर ले जा रहे है जो मुखबिर कीं सूचना की तस्दीक करने के लिए मुखबिर के द्वारा बताये गये हूलये व नम्बर का पिकअप वाहन क्र० एमपी 65 जेडसी 3478 आता दिखा जिसे रोककर चालक का नाम पता पूछ गया जो अपना नाम पवन कुमार राव पिता नारायण प्रसाद राव उम्र 25 वर्ष निवासी बाबाटोला बरगवां थाना कोतमा का होना बताया, पिकअप वाहन को चेक किया गया तो पिकअप वाहन में 02 नग भैंसी कीमती 60,000 रूपये, 01 नग भेंसा कीमती 45.000 रूपये, एवं 02 नग पड़रू कीमती 9,000 रूपये कुल कीमती 1,14,000 रूपये को पिकअप के ट्राले में जबरन ठूस कर क्रूरता पूर्वक लोड कर परिवहन करना पाया गया। पवन कुमार राव को पिकअप में लोड 05 नग भैंस पड़ा शालेन्द महरा पिता नत्थू लाल महरा उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रं० 11 झीकबिजुरी थाना जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.) का होना बताया व आरोपी के द्वारा पिकअप वाहन में 05 नं मवेशी को ठूस कर कूरता पूर्वक लोडकर परिवहन करना, आरोपी का उक्त कृत्य दण्डनीय पाये जाने से 05 नग मवेशी कुल कीमती 1,14,000 रूपये एवं पिकअप वाहन क्र0 एमपी 65 जेडसी 3478 कीमती 07 लाख रूपये कुल कीमती 8,14,000 रूपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 81/25 धारा 11 (घ) पशु क्रता अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# कार्रवाई नहीं होने पर पीडित व्यवसायी ने एसपी को दी लिखित शिकायत

### हरिजन एक्ट में फंसाने की साजिश, महिला को मोहरा बनाकर चाल चलने की थी तैयारी

**जमुना/बदरा।** कोतमा में कोयला व्यवसायी को झूठे केस में फंसाने की खौफनाक साजिश सामने आई है। पहले थाना रामनगर में धमकी की लिखित शिकायत दी गई, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पीड़ित ने मजबूर होकर आज 14 अप्रैल को जिला पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को शिकायत सौंपी। व्यवसायी आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि आमाडंड ओसीएम में कोयला लोडिंग को लेकर रामराज रजक और प्रशांत द्विवेदी उर्फ सोनू से विवाद हुआ था। जब उनके कर्मचारी ने फोन पर यह जानकारी दी, तो रामराज ने फोन छीनकर उन्हें गालियां दीं और CBI, लोकायुक्त में फंसाने की धमकी भी दी। इसकी शिकायत मिश्रा ने तत्काल थाना भालूमाडा रामनगर में दर्ज कराई, मगर अब तक पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। शिकायत में बताया गया है कि 13 अप्रैल की शाम, मिश्रा के कोतमा स्थित ऑफिस के बाहर रामराज और सोनू एक महिला और पुरुष के साथ खड़े थे वहां मिश्रा के कर्मचारियों वीर बहादुर और नारायण मिश्रा ने सुना कि आरोपी महिला से कह रहे थे कि जैसे ही आशीष बाहर आए, तू उस पर लिपट जाना, चिल्लाना शुरू कर देना हम लोग आएंगे, मारेंगे और सीधा SC/ST एक्ट में अंदर करवा देंगे। ये सुनकर कर्मचारियों ने तुरंत मिश्रा को बताया। आशंका के चलते मिश्रा ने ऑफिस से बाहर निकलने से बचना ही बेहतर समझाएसपी तक पहुँची बात मिश्रा का कहना है कि उन्होंने पूरी घटना की लिखित सूचना थाना भालूमाडा रामनगर को दी थी, लेकिन थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टा आरोपियों का हौसला बढ़ता गया और अब वे खुलेआम योजना बनाकर झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं इसी वजह से अब उन्होंने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को पूरे घटनाक्रम की शिकायत दी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### धनपुरी कैंप में बाबासाहेब अंबेडकर जयंती कार्यक्रम आज

**धनपुरी।** भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आज 14 अप्रैल को धनपुरी कैंप नंबर 1 में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा।कार्यक्रम में बाबासाहेब के जीवन, संदेश और मिशन पर आधारित गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां ब्योहारी के कलाकारों द्वारा दी जाएंगी। अध्यक्ष महेश कुमार पनिका ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों को आमंत्रित करते हुए कोल इंडिया एससीई/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा), सोहागपुर क्षेत्र ने लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।इस अवसर पर बाबासाहेब के योगदान पर वक्ताओं द्वारा विचार भी रखे जाएंगे। आयोजन समिति ने समस्त नागरिकों से सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता के लिए इस आयोजन में सहभागिता का आग्रह किया है।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल बकहो की नई टीम घोषित, 86 सदस्यों की सूची जारी

**अमलाई।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल बकहो की नई कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन और मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में तीन अलग-अलग सूचियाँ जारी की गईं जिनमें विशेष आमंत्रित सदस्य, मंडल समिति और मंडल कार्यसमिति सदस्य शामिल हैं।

**विशेष आमंत्रित सदस्यों में 25 चेहरे शामिल-** पहली सूची में कुल 25 विशेष आमंत्रित सदस्यों को स्थान दिया गया है। इनमें विधायक, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल हैं। सूची में श्रीमती हिमाद्री सिंह (सांसद), जयसिंह मरावी(विधायक जैतपुर), श्रीमती गीता मनमोहन चौधरी(जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती मौसमी केवट(नपा अध्यक्ष), वैभव विक्रम सिंह (नपा उपाध्यक्ष), वरिष्ठ नेता महेंद्र जैन, कुलभूषण शुक्ला, अमृत कुमार दुबे और लल्ला केवट जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

**मंडल समिति में 21 पदाधिकारियों की नियुक्ति-** दूसरी सूची में मंडल बकहो के संगठनात्मक पदों की घोषणा की गई है। जिसमे धर्मेंद्र कुमार दुबे को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि छः उपाध्यक्षों के साथ-साथ दो महामंत्री, छः मंत्री, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्तियाँ की गई हैं।

**मंडल कार्यसमिति में 40 सक्रिय कार्यकर्ता शामिल-** तीसरी और सबसे विस्तृत सूची में कुल 40 कार्यकर्ताओं को कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इनमें महिला कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यसमिति में नंदलाल साहू, आशीष गुप्ता, श्रीमती पदमा पांडेय, श्रीमती शिखा दुबे सहित अनेक युवा और अनुभवी कार्यकर्ता शामिल हैं। इस नई कार्यकारिणी के गठन के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति समर्पण और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

# श्री राधाकृष्ण स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, शिव मंदिर प्रांगण काली मंदिर में भव्य हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव संपन्न








सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर, 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर एवं कालरी नंबर 1 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन व काली मंदिर विलियस नंबर 1 से शोभायात्रा अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया।




धनपुरी।

12 अप्रैल शनिवार को आयोजित इस भव्य पर्व पर श्री हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति एवं हिंदू धार्मिक संस्था के तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न हुआ।हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शनिवार की सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रातः 10 बजे से महाराज हनुमान जी की पूजा-पाठ और आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। सैकड़ों श्रद्धालु नारियल, मिठाई, पकवान आदि लेकर मंदिर पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन कर अनुष्ठानों में भाग लिया।विशाल भंडारे का आयोजनमंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था थी। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों द्वारा सेवाभाव से कार्य करते हुए आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाबशाम 6 बजे श्री राधाकृष्ण मंदिर से भव्य शोभायात्रा आरंभ हुई। इसमें सजे-धजे रथों पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकियाँ निकाली गईं। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। यात्रा में डीजे, पताकाएं और धार्मिक जयकारों के साथ भक्तगण नगर भ्रमण करते हुए आजाद चौक पहुंचे से पुनः मन्दिर पहुंचे जहां शोभायात्रा संपन्न हुआ।कालरी नंबर 1 शिव मंदिर से भी भव्य रथयात्रा11 अप्रैल को प्रभात फेरी, अखंड मानस पाठ और रामायण पाठ के साथ प्रारंभ हुए आयोजनों का समापन 12 अप्रैल को कालरी 1 स्थित शिव मंदिर से निकाली गई शाम 4 बजे की मनोहारी रथयात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचे।विशाल भंडारा शिव मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन श्री गुरु बजरंग संघ के द्वारा किया गया था जहां हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया। काली मंदिर विलियस नंबर 1 से भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए राधा कृष्ण मंदिर शोभायात्रा संपन्न हुआ।सुरक्षा और सफाई के पुख्ता इंतजामनगर पालिका द्वारा शोभायात्रा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से धनपुरी थाना प्रभारी खेमेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।सेवा भाव से जुटे कार्यकर्ताश्री हनुमान जयंती सेवा समिति, हिंदू धार्मिक संस्था एवं अन्य सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में तन-मन-धन से योगदान दिया। समिति अध्यक्ष श्री हनुमान खंडेलवाल, गणेश गुप्ता, बृजवासी अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने समस्त आयोजन को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया।स्वागत मेशोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह पर फल, जलपान, शरबत, ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक, श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

### हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन 14 अप्रैल को पूजन, हवन व भंडारे के साथ

**धनपुरी।** अमलाई नगर के सिद्ध बाबा (डोंगरिया) धाम में आयोजित एकादशमुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन 14 अप्रैल को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।यह तीन दिवसीय महोत्सव 12 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था। कलश यात्रा में नगरवासियों की भारी भागीदारी देखने को मिली। इसके बाद पंचांग पूजन, देव आवाहन और जलाधिवास जैसे विधि-विधान पूरे श्रद्धा से सम्पन्न हुए।13 अप्रैल को कोपूजन, अनाधिवास, देव संपन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन में धार्मिक ऊर्जा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।इस पुण्य आयोजन का नेतृत्व मारुति नंदन सेवा समिति, अमलाई द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से 14 अप्रैल को समापन समारोह में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



## सेवा में समर्पित लीनेस क्लब बुढ़ार, प्याऊ लगाकर बढ़ाई मानवता की शान, चना-गुड शीतल पेयजल का शुभारंभ

धनपुरी।

भीषण गर्मी में राहगीरों और आमजन की प्यास बुझाने के लिए लीनेस क्लब बूढ़ार द्वारा एक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस बैसाखी के पावन पर्व पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई।प्याऊ का शुभारंभ लोगों को ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए मटकों की व्यवस्था की गई और उनके नीचे रेत बिछाई गई ताकि पानी ठंडा बना रहे। पानी पिलाने के लिए सेवादार भी तैनात किए गए। प्याऊ का शुभारंभ लीनेस बहनों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान राहगीरों को ठंडे पानी के साथ गुड़ और चने का वितरण भी किया गया।इसका कोई मोल नहीं लीनेस क्लब बुढ़ार लीनेस बहनों के सहयोग से पूरे वर्ष जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करता है। उनकी मुस्कान देख जो आत्मिक सुख मिलता है, उसका कोई मोल नहीं है। यह सेवा भावना क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।उपस्थिति जनों में लीनेस क्लब अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, लीनेस सचिव अंजू अग्रवाल, लीनेस कोषाध्यक्ष श्यामा गुप्ता, रजनी जैन, साधना अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, आरती खनूजा, जसमीत कौर, प्रतिमा जैन, अर्चना ओझा, ज्योति खनूजा, बिंदा भगत, अंजू दुआ एवं अंजू मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## हनुमान जन्मोत्सव पर सरेईकापा में हुआ भव्य धार्मिक आयोजन

धनपुरी।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम सरेईकापा में इस वर्ष एक भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह आयोजन हनुमान मंदिर समिति सरेईकापा के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में 12 अप्रैल 2025, शनिवार को सम्पन्न हुआ।इस विशेष अवसर पर पूजा, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भाग लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब राम जानकी मंदिर, बुहार के पूज्य महंत श्री राम बालक दास जी ने अपने दिव्य मार्गदर्शन से कार्यक्रम को आलोकित किया।जागराता कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र13 अप्रैल, रविवार को जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शाम



8 बजे से भव्य संगीतमय जागराता का आयोजन हनुमान मंदिर, सरेईकापा प्रांगण में किया गया। देवी भजनों और भक्ति रस में सराबोर इस कार्यक्रम की प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि श्रद्धालु लगभग 3 घंटे तक मंत्रमुग्ध होकर अपने स्थान पर जमे रहे।श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर बुहार, धनपुरी, सरेईकापा एवं आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालु तो उपस्थित रहे ही, साथ ही शहडोल जिला से पधारे अपर कलेक्टर महोदय को भी आयोजन स्थल पर सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया। उन्हें समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और उचित स्थान प्रदान किया गया।सुरक्षा व्यवस्था रही सशक्तपूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

## भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन





**बिरसिंहपुर पाली।** बिरसिंहपुर पाली में नये बस स्टैंड के पास डां भीमराव राम जी अम्बेडकर की नयी प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने का यशस्वी कार्य नगर पालिका परिषद पाली के व्दारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने की, जबकि इस समारोह में नगर पालिका परिषद पाली के सभी पार्षद गण, विव्दान अधिवक्ता गण,भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी नेता गण, मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी के साथ भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों ने समारोह में पहुंच कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का काम किया ।विदित होवे कि वर्तमान की नगर पालिका अध्यक्ष जब आप नौरोजाबाद विधानसभा से विधायक थी,तब उन्होंने इस स्थान पर भीमराव राम जी अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर अम्बेडकर जी के प्रति अपनी आस्था समर्पित की थी,समय के साथ उस स्थान पर नये प्रतिमा की आवश्यकता होने पर आप की परिषद ने इस काम को फलीभूत करने में संबल प्रदान किया और भव्य प्रतिमा का अनावरण कर आज उन्होंने उनके प्रति सच्ची निष्ठा अर्पित की है ।इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों के व्दारा प्रतिमा अनावरण करते हुए डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके पद चिन्हों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। तत्पश्चात यह कार्यक्रम समारोह में परिवर्तित हो गया , जहां पर सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर समारोह में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत बहादुर सिंह कालिका सिंह ने अपने उदगार से किया गया ।बारी बारी से कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में ओजस्वी वक्तव्य देते हुए उनके गौरव के संबंध में अपनी बात रखी । नगर के विव्दान अधिवक्ता सुशांत सक्सेना जी ने अपनी बात में एक नयी कड़ी जोड़ते हुए कहा कि यद्यपि नगर का विकास अपने गति से आगे बढ़ रहा है, तथापि यहां पर वार्ड क्र 03 और वार्ड नंबर 06 के बीच रेलवे लाइन होने के कारण यहां पर एक ब्रिज की आवश्यकता है , इसके बन जाने से नगर के चार वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र नगर से जुड़ जायेगा । यह काम रेलवे से जुड़ा हुआ है , जिसके लिए नगर के सभी लोगों के सहयोग बिना संभव प्रतीत नहीं होता , इसलिए समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से अपील है कि दल गत राजनीति से ऊपर उठकर नगर विकास के कार्यो में अपने अपने हिस्से की जबाब देही का निर्वहन बखूबी करने की कृपा करें , ताकि नगर की इस महती जरूरत की पूर्ति हो सकें ।कार्यक्रम की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान ने इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर लोक प्रिय भारतीय बहुज्ञ विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री,कुशल राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक थे ।भारतीय संविधान के जनक होने के साथ आप दलितों, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकार का सदैव समर्थन किया। उन्होंने संविधान में इन बिंदुओं को असर कारी साबित करने के लिए संविधान में प्रावधान किया की इन सबको अधिकार संपन्न बनाया जा सके । आपने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अपनी बात रखते हुए साफ तौर पर कहा कि आज मैं जहां पर खड़ी हूं,इसकी देन बाबा साहब ही, जिन्होंने हमे अधिकार संपन्न बनाया ।

## संत कंवर राम साहिब का 140वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



बुढार।

सोमवार को सिंध समाज के अमर शहीद संत कंवर राम साहिब का 140 वां जन्मोत्सव सिंधी समुदाय के लोगों ने विधिः विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर उनके छायाचित्र पर तिलक चंदन वंदन कर धूमधाम से मनाया। संत कंवर राम साहिब की याद में अटल द्वार के समीप नानक राम रोहरा के द्वारा राहगीरों के लिए चना गुड़ एवं शीतल पेय जल का स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया।इस मौके पर आशीष रोहरा,सोनू रोहरा जगदीश, दिव्या सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रांतीय शिशुवाटिका कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

बिरसिंहपुर पाली

सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली में प्रांतीय शिशुवाटिका कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14 अप्रैल से 16 अप्रैल 2025 तक किया गया है जिसमें प्रांत से शिशु वाटिका के कार्य में तज्ञ एवं विशेष कुशलता लब्ध दीदियों का आगमन विद्यालय में हुआ जिनका विशेष मार्गदर्शन कार्यशाला में प्राप्त हो रहा है कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में माननीय श्री प्रभात सिंह जी (क्षेत्रीय शिशुवाटिका प्रमुख विद्या भारती मध्य क्षेत्र) एवं माननीय श्री नंदलाल प्रजापति जी (व्यवस्थापक एवं सह जिला सचिव उमरिया) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ प्रातः साढ़े छह बजे से अग्निहोत्र हवन कार्यक्रम से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ आचार्य परिवार की उपस्थिति रही वंदना सत्र में डा0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर पूजन अर्चन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।






## चुभने लगी धूप, अस्त-व्यस्त होने लगा जन जीवन

# सूर्य रौद्र, पारा पहुंचा सातवें आसमान पर

अनूपपुर।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह से ही सूरज अपना रौद्र रूप दिखाने लगा है, इस भीषण गर्मी से जहां दिन में लोग बेचैन हो रहे, वहीं तक गर्म हवाओं के चलने से राहत नहीं मिल रही। इस दौरान भगवान भास्कर अपने पूरे प्रचंड वेग के साथ ऊष्मा बिखेर रहे है तथा गर्मी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। वैसे भी इस वर्ष सूर्य की तपन एवं मौसम की उमस पूरी शबाबा पर है। गर्मी के कारण सड़को मे 12 बजे के बाद वे ही लोग दिखाई देते है जिन्हे अत्यधिक जरूरी काम से कहीं आना जाना पड़ता है बाकी लोग ऐसे मौके पर बाहर निकलने से बचते नजर आते हैं।

### गर्मी उमस ने दिखाया रौद्र रूप

सुबह से ही गर्मी जो अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू करती है तो शाम तक जारी रहती है वहीं दिन डूबने के बाद भी गर्मी में किसी तरह की राहत नही मिलती। बढ़ती गर्मी में खासकर फुटकर व्यापारी वर्ग एवं खुले आसमान के नीचे काम करने वाले श्रमिक वर्ग सब्जी विक्रेताओं ठेला व्यापारियों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। भीषण गर्मी के बीच व्यापारियों को छाता, पन्नी चादर लगा किसी तरह व्यापार करते देखा जाता है। लगातार अपने तीखे तेवर दिखा रही गर्मी ने क्षेत्रीय रहवासियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है हालात



ये है कि इन दिन में तेज धूप झुलसा देने वाली साबित हो रही है। जरा सी देर धूप में रहने पर पसीना छूटने के साथ ही प्यास लगने लग जाती है।

### निकलने लगे कूलर, एसी

गर्मी इन दिनों परवान पर है। दिन के साथ रात की तापमान भी बढ़ने लगा है, जिसके कारण पंखे बेअसर होने लगे है। लोगो को कूलर का सहारा लेने की तैयारी करने लगे है। सुबह दिन निकलने के साथ सूरज की तेज किरण पड़ने लगती है। गांवो से आने वाले लोग भी अपने कामकाज निपटाने के बाद पार्को में छाया की तलाश में रहते है ऐसे में सड़के सूनी और पार्क लोगो की भीड़ से आबाद है। शाम को धूप मे तेजी कम होने पर लोग जरूरी कामो से बाहर निकलते है। वहीं आसपास के गांवो से खरीदारी के लिये आए लोग शाम को ही अपने घरो को लौटते है।

### चिकित्सक भी तेज गर्मी से बचने की दे रहे सलाह

इस बढ़ी हुई गर्मी को देखकर प्रशासन व चिकित्सक ने भी गर्मी से बचने के कई उपाय बताये व सलाह भी दी जिससे लोग गर्मी से बच सके, चिकित्सक लू भरी गर्मी से बचने के लिये अपने आपको कपड़ो से ढंककर निकलने की सलाह दी है।

## खबर संक्षेप

### करौंदी, नवोदय तथा लीला फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 15 अप्रैल को 11 के.व्ही. करौंदी फीडर, 11 के.व्ही. नवोदय फीडर तथा 11 के.व्ही. लीला फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### पांच ग्राम पंचायतों में हुआ ग्राम सभाओं का आयोजन



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जा रहा है। आज अनूपपुर जिले के बकेली, रक्शा, कोलमी, पिपरिया तथा जरियारी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और ऑगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई।

### विशेष अभियान में अनूपपुर ने प्रदेश में प्राप्त किया 11वां स्थान

**अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेश भर में 1 से 15 अप्रैल तक तीन उद्देश्यों को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान जिसमे सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकना व दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को आर्थिक सहायता मिल सके इस दिशा में प्रयास करना है इन्ही उद्देश्यों को लेकर अनूपपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमे मध्यप्रदेश में अनूपपुर जिले को ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान व विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में अनूपपुर जिले को 11 वा स्थान प्राप्त हुआ है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु लगातार काम किया जा रहा है व पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशनुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान में लगातार तत्परता से कार्य किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि अनूपपुर पुलिस ने विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है व ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान पर जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

## लाख कोशिशों के बाद भी आवासीय परिसर से नहीं हट रही शराब दुकान

**कोतमा।** नगर के बस स्टैंड के समीप आवासीय परिसर में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान हटाए जाने को लेकर महिलाएं, पुरुषों व व्यापारियों के द्वारा लगातार मंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, जिला कलेक्टर, आबकारी अधिकारी सहित स्थानीय कार्यालय के चक्कर काटते काटते थक गए लेकिन अभी तक वार्डवासियों की मांग का निराकरण नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि आबकारी विभाग ठेकेदार के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। जिस कारण जनता व महिलाओं की परेशानी से कोई सरकार नहीं रह गया है। वार्डवासी गुप्ता ने बताया कि जब से यहां पर शराब दुकान खुल गई है तब से हम लोगों की आजादी छिन सी गई है। शाम के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रात में कचरा फेंकने या किसी काम से बाहर निकलते हैं तो बाहर शराब दुकान के सामने खड़े असामाजिक तत्वों घूर कर देखते हैं। पूर्व नपा महिला अध्यक्ष मोहिनी वर्मा का कहना है कि शाम होते ही यहां बाहरी एवं आपराधिक तत्वों का आना-जाना शुरू हो जाता है जो आधी रात तक बना रहता है। नशाखोरों के द्वारा घरों एवं दुकानों के सामने बैठकर नशाखोरी करते हैं। दुकान हटाने को लेकर अपने कार्यकाल में कई बार पत्राचार कर प्रयास भी की थी। महिला पूर्व पार्षद संगीता सोनी ने बताया कि शराब दुकान के कारण कई लोग अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं यदि यहां से शराब दुकान नहीं हो हटी तो निकट भविष्य में किसी बड़ी वारदात होने की प्रबल संभावना बनी रहेगी। समाजसेवी प्रदीप उपाध्याय ने बताया कि शराब दुकान के कारण ही बस स्टैंड से लेकर केशवाही तिराहे तक एक दर्जन से ज्यादा अवैध अहाते एवं मीट की दुकानें संचालित हैं जहां पर खुलेआम बैठाकर दारू पिलाई जाती है। जिस कारण शाम से देर रात तक बदमाशों व शराबियों का जमघट लगा रहता है। महिला टीना गुप्ता ने बताया कि शराब दुकान के कारण हम महिलाओ की खुशी छीन सी गई है। दिनभर हो हल्ला, गाली गलौज होने के कारण बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है सुबह मंदिर जाने के दौरान रास्ते में पड़ी गंदगी व मीट के टुकड़ों के कारण शर्मसार होना पड़ता है और हमारी आस्था भी चोटिल होती है। राम खेलावन गुप्ता व्यापारी का कहना है कि शराब दुकान के पास में ही दो-दो बैंक संचालित हैं शराब दुकान के कारण आए दिन हंगामा विवाद की स्थिति निर्मित होती है। जिसका हमारी दुकानों पर असर पड़ता है। परिवार लेकर आने वाले ग्राहक दूकान आने से कतराते हैं जिस कारण हम लोग का व्यापार शराब दुकान के कारण ठप होते जा रहा है।

## होटलों, डेयरी व किराना दुकानों से डरता कानून

# यहां नहीं पड़ते प्रशासनिक छापे, डेयरी, होटल सवालों के घेरे में





अनूपपुर।

खुलेआम पूरी सड़क पर कब्जा करके किराना दुकानों, होटलों व डेयरी में जाकर जांच करने से खाद्य विभाग, जिला प्रशासन कतरा रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि खाद्य विभाग के कुछ नौकरशाहों की बदौलत मासिक किश्त लेकर दुकानों में मिलावट का सामान पूरी तरह से डंके की चोट पर बेचा जा रहा है जिसे खाकर लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### किराना दुकानों में नकली सामान

जिले के अधिकांश किराना दुकानों में बिना आईएओ मार्क या किसी प्राधिकृत शासकीय संस्था के प्रमाणन के ही बिकने वाले अचार, तेल, नमक, स्नैक्स, सरसों तेल व कंकड़युक्त चावल-दाल ने आमजन को किसी तरह पेट भरने पर मजबूर कर रखा है। कुछ किराना दुकानदार इतने शातिर बदमाश हैं कि प्रतिवर्ष तराजू-बाट में मोहर लगवाकर और नगर पालिका के कुछ टैक्स चुकाकर खुलेआम नकली सामान बेचने व ग्राहकों का सपरिवार स्वास्थ्य बिगाड़ने का अधिकार प्राप्त कर लेते हैं किन्तु प्रशासन के द्वारा ऐसे दुकानों पर छापा नहीं मारा जाता, क्योंकि साहबों के एक फोन मात्र से घर पहुँच सेवा देने वाले इन मिलावटखोर बदमाशों का पूरा कुकर्म एक प्रशासनिक लाइसेंस पा जाता है।

### डेयरी, होटल सवालों के घेरे में

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की कुछ डेयरी में थोक दूधवालों से दूध खरीदकर उसमें पकाया हुआ दूध पाउडर व मलाई की भांति झाग देने वाला केमिकल मिलाकर अन्धाधुन्ध लूट की जा रही है जिससे इन डेयरी संचालकों के खासम खास ग्राहक सपरिवार काल के गाल की ओर जाते जा रहे हैं लेकिन यहॉ भी प्रशासनिक महकमा न तो दूध, दही, खोवे और घी की गुणवत्ता पर न तो कभी सवाल करता है न इनकी सैम्पलिंग की जाती है। थोड़ा बहुत ले-देकर पूरी छूट दी जा रही है, वहीं होटलों में समोसे, भजिया, जलेबी आदि एक बार निकालकर काउन्टर में प्रदर्शन के लिए तो रख लिए जाते हैं लेकिन उन पर कोई कव्हर आदि लगाना इन दुकानदारों को रास नहीं आता जिससे उन सामग्रियों पर दिनभर विषैले कीटाणु, बैक्टीरिया व डस्ट-धूल की ऐसी परत जमती जाती है कि खाने वाले का ग्राहक को कई प्रकार की बीमारियों का शिकार होना ही होना है। लिहाजा किराना दुकानों, होटलों और डेयरी में छापेमारी किया जाना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन को उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त दुकानों में छापेमार कार्यवाही करके मिलावटखोर दुकानदारों और होटल-डेयरी संचालकों को हवालात भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए, यह देखे बिना कि कौन किस नेता का भाई है, कौन भतीजा है और कौन खानदानी मुलाजिम है।

### निरीक्षण से दूर भागते जिम्मेदार

सवाल यह कि खाद्य अमला ऐसे प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करने से कतराता क्यों हैं? खाद्य पदार्थो की जांच के लिए सरकारी विज्ञप्ति जारी कर देने से क्या जवाबदारी पूरी हो जाती है शायद ही इसका जवाब खाद्य अमला दे। कई वर्षो से खाद्य अमले द्वारा में खाद्य पदार्थो की जांच व सेम्पलिंग लेने किसी ने नहीं देखा। कुछ सैम्पलिंग लिये भी तो सिर्फ खानापूर्ति के लिए, ऐसे में दूषित खाद्य पदार्थो की बेरोकटोक बिक्री पर लगाम लग सकेगी कह पाना संभव नहीं है। दूषित, मिलावटी खाद्य पदार्थो की सघन जांच किया जनस्वास्थ्य को सुरक्षित करने हेतु नितांत जरूरी है। वहीं ऐसे प्रतिष्ठानों के संचालको के प्रति सख्त रवैया अपनाया जाना जनहित में आवश्यक है।

## गश्ती दल व ग्रामीणों को चकमा दे रहे हाथी, मचा रहे ताण्डव

अनूपपुर।



तीन हाथियों के समूह में विगत दो दिनों से डालाडीह एवं अकुआ के जंगल में दिन में ठहर कर रात होने पर ग्रामीण अंचलो में पहुंचकर आहार की तलाश में विगत रात एक झोपड़ी नुमा घर में तोड़फोड़ कर अंदर रखा अनाज खाते हुए दूसरे गांव में एक ग्रामीण के बांडी में लगे केला को आहार बनाया। तीन हाथियों को समूह विगत कई दिनों से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से लगे जंगल में दिन में विश्राम करने वाद देर शाम एवं रात होने पर आहार की तलाश में ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों, खेत एवं बाडी में लगे विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बना रहे हैं शनिवार की दोपहर ही तीनों हाथी गोबरी के जंगल से निकल ठेगरहा से शाम होते ही ग्राम पंचायत पगना के बांका,ग्राम पंचायत दुधमनिया के मैरटोला, ग्राम पंचायत लखनपुर जंगल से ग्राम पंचायत औढेरा के अकुआ गांव के जंगल में पहुंचकर रविवार के दिन भर विश्राम करने बाद रविवार की देर रात जंगल से लगे ग्राम पंचायत बैहार के डालाडीह टोला में पहुंचकर मंगलू पिता फगनू बैगा की झोपड़ी नुमा घर मे अचानक पहुंचकर तोड़कर घर के अंदर रखे धान को खाते हुए फिर से जंगल जाकर देर रात ग्राम पंचायत औढेरा के अकुआ गांव में जंगल के किनारे स्थित यादव मोहल्ला में पहुंचकर पूरी रात विचरण कर सोमवार की सुबह वन परिक्षेत्र अनूपपुर के किरर बीट अंतर्गत अकुआ गांव से लगे जंगल में पहुंच कर विश्राम कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा तीन अलग-अलग गस्ती दल बनाकर हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्राम पंचायतो एवं वनविभाग द्वारा हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामों में मुनादी एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क किया जा रहा है। शनिवार एवं रविवार की दोनों रात तीनों हाथियों द्वारा वन विभाग के गस्ती दल एवं बहुत संख्या में एकत्रित ग्रामीणो को चकमा देते हुए कुछ दूर तक विचरण कर जंगल में कई घंटे तक छिप कर फिर से अचानक दूसरी दिशा के ग्रामीण अंचलों में अचानक पहुंचकर धावा बोलते रहे हैं।

## किरर घाट में ऑटो पलटने से पांच घायल, अस्पताल में उपचार जारी

अनूपपुर।



सोमवार की दोपहर राजेंद्रग्राम से औढेरा गांव आ रहा एक ऑटो किरर घाट में अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार आठ व्यक्तियों में से 5 को चोटे आने पर 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत औढेरा गांव के एक परिवार के सदस्य बरहो कार्यक्रम में सम्मिलित होने राजेंद्रगाम थाना के हर्षवाह गांव गया हुआ था जो सोमवार की दोपहर वापस औढेरा आते समय आटो क्रमांक एमपी 18 आर 2580 किरर घाट में उतरते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार आठ लोगों में से पांच को चोट आयी घायल चंद्रवती पति सुंदर सिंह 45 वर्ष, सीताबाई पति भंगीलाल सिंह 50 वर्ष, मनीराम पिता विधि अगरिया 40 वर्ष, सुंदर सिंह पिता जयलाल सिंह 45 वर्ष एवं ऑटो चालक मुन्नालाल पिता नानदाऊ चौधरी की 43 वर्ष सभी निवासी ग्राम औढेरा, थाना कोतवाली अनूपपुर को 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर भर्ती कराया गया है।

## अज्ञात मृतक का पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

अनूपपुर।

तीन दिन पहले रेलवे स्टेशन अनूपपुर में अज्ञात कारणों से मृत मिले 40 से 45 वर्ष के अज्ञात युवक के शव की पहचान ना होने पर जीआरपी पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोमवार की दोपहर सोननदी के समीप स्थित मुक्तिधाम में अज्ञात युवक के शव का हिंदू रीति रिवाज से कफन-दफन कर अंतिम संस्कार किया। इस संबंध में बताया गया कि 12 अप्रैल की सुबह अनूपपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 एवं 4 में सेट के पास एक अज्ञात युवक जिसकी उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष रही है। अज्ञात कारणों से मृत स्थिति में पड़े होने की सूचना पर जीआरपी चौकी



अनूपपुर प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने प्रारंभिक कार्रवाही करते हुए मृतक के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव फ्रीजर सुरक्षित रखा कर विभिन्न माध्यमों से पहचान किए जाने का प्रयास किया गया किंतु सोमवार की दोपहर तक पहचान ना हो पाने के कारण ड्यूटी डॉक्टर एमडी औजेर से मृतक के शव का पीएम कराने बाद नगर पालिका अनूपपुर के सौजन्य से जेसीबी मशीन से सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में जीआरपी आरक्षक प्रकाश कुमार, जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, चालक गोपाल राठौर, मूलचंद सिंह, सफाई कर्मचारी अजय कुमार एवं मनोज के द्वारा हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।